सूर्योदय 5:49 सूर्यास्त 7:00
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 34.1
न्यूनतम 25.2

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | सम्पर्क सूत्र : ( कार्यालय ) 9368549219 | muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in | muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-224 | शनिवार 14 अगस्त, 2021 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-षष्ठी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

अकेलेपन और इच्छाओं की बुनियाद पर शुरू होने वाले रिश्ते बुरा वक्त आने से पहले ही समाप्त हो जाते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 20989 अपात्र किसानों से वसूली की जायेगी : सहारनपुर



एक ज़िले में 21 हज़ार अपात्र हैं तो पूरे सूबे में कितने होंगे?......

# विद्युत कटौती से हा-हाकार, बिजली नहीं तो बिल काहे को ले रही सरकार

मुजफ्फरनगर, १३ अगस्त (बु.)। विद्युत विभाग की घंटों–घंटों की कटौती से तंग आम जनता अब पूरी तरह से त्रस्त होने के बाद विद्युत विभाग के खिलाफ तरह–तरह के फैसले ले रही है। यह बात तो तय हो चुकी है कि मुजफ्फरनगर जनपद में जब नेता वोट मांगने के लिए निकलेंगे तो जनता सबसे पहले बिजली का मुद्दा उठाएगी और जिसका जवाब शायद नेताओं के पास न के बराबर ही हो। पिछले आठ माह से मुजफ्फरनगर में प्रत्येक इलाके में विद्युत कटौती का जो आलम है, शायद वह किसी से छुपा नहीं है। घंटे–दो घंटे नहीं १२–१२ घंटे की विद्युत कटौती ने लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है। बिजली के साथ साथ स्वाभाविक रूप से पानी का न होना भी कोई बड़ी बात नहीं है। आमतौर पर लोग गलियों के नलकों से पानी भरते देखे जा सकते हैं और कभी–कभी तो देहात क्षेत्रों की तरह लम्बी लम्बी लाइनें लगाकर गली के नलकों पर लोग अपने नम्बर आने का इंतजार करते हैं। इतना ही नहीं भरी गर्मी में लोग बिजली और पानी से त्रस्त होकर अब देर रात तक भी सड़कों पर बैठे देखे जा सकते हैं। इस कहानी को चलते–चलते अब लगभग एक साल होने जा रहा है और आम जनता पूरे आक्रोश में दिखाई पड़ रही है। शुक्रवार को दिन निकलते ही शहरी क्षेत्र के रामलीला टिल्ला, मौहल्ला बंजारान, मोती महल, शाहबुद्दीनपुर रोड, लद्दावाला, हनुमान चौक, गौशाला मौहल्ला, किला मौहल्ला आदि शहर के लगभग एक चौथाई क्षेत्र की बिजली सुबह ६ बजे से गायब हुई और देर रात तक बिजली को लेकर हा–हाकार मचा रहा। उक्त मामले में मंत्री ने भी हस्तक्षेप किया, उसके बावजूद भी बिजली विभाग असमर्थ ही दिखाई पड़ा और मंत्री के आश्वासन देने के डेढ़ घंटे बाद तक भी बिजली नहीं आ पाई। फिर जनता ने सरकार और जनप्रतिनिधियों का भरोसा छोड़कर खुद पर विश्वास जताते हुए घरों से निकले और चुंगी नं. २ व हनुमान चौक पर जाम लगा दिया। उक्त जाम के चलते ही लगभग १५ मिनट में विद्युत व्यवस्था सुचारू हो गयी, मगर चुंगी नं. २ व हनुमान चौक पर इकट्ठा हुई जनता ने कहा कि अब बिजलीवालों को जो करना है अपनी मनमानी कर ले मगर जब विद्युत बिल वसूलने का नम्बर आएगा, तब वे अपनी मनमानी करके दिखाएंगे और किसी का विद्युत कनेक्शन विभाग द्वारा नाजायज रूप से काटा गया तो मौहल्ले के लोग एकजुट होकर विद्युत विभाग का बखूबी इलाज करेंगे, क्योंकि अब यह विद्युत विभाग का कोई नया दस्तूर नहीं रह गया कि घंटों घंटो लाइट भगाओ और न जनता के फोन उठाओ और न ही कोई जवाब दो। ऐसे में अब जनता विद्युत विभाग का दिमाग ठीक करने को कानून अपने हाथ में लेने को भी तैयार है। अभी तो सिर्फ थोड़ी ही देर का जाम लगाया है, कुछ दिनों बाद जितनी देर लाइट भगाई जाएगी चाहे दिन हो या रात उसी समय जाम लगाने की प्रक्रिया हाथोंहाथ शुरू की जाएगी। न उन्हें किसी विधायक का सहारा चाहिए और न ही किसी अन्य जनप्रतिनिधि का। वे अब अपना फैसला खुद ही लेंगे। ज्ञात रहे कि पिछले कई माह से विद्युत विभाग सरकार के पिछले ४ चार साल के कार्यकाल पर पूरी तरह से पलीता लगाने पर उतारू है। जान बूझकर कहीं विद्युत तारें नहीं बदली गयी तो कहीं कमजोर ट्रांसफॉर्मरों को वहीं का वहीं लगा रखा है। ऐसे में आए दिन विद्युत व्यवस्था तो चरमराना तय है। अब सरकार के जनप्रतिनिधियों को तय करना है कि विभाग के ऐसे लोगों को वह चुपचाप माफ कर देते हैं अथवा उन्हें कोई दण्ड देकर आगे के लिए सबक सिखाते हैं। कुल मिलाकर फिलहाल विद्युत व्यवस्था से जनता पूरी तरह त्रस्त दिख रही है।



डीएम कार्यालय पर जहर खाने के बाद बदहवास हालत में किसान व उसे संभालती पुलिस।

## डीएम कार्यालय पर किसान ने खा लिया जहर, अफरा-तफरी मची

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। चकबंदी विभाग से खफा एक किसान ने आज जिलाधिकारी कार्यालय पर जहर का सेवन कर लिया। किसान के जहर खाने से वहां हड़कंप मच गया। अफरा तफरी के बीच पुलिस ने पीड़ित किसान को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। जहर का सेवन करने वाला किसान बिना पैमाइश के खेत बहाने का आरोप लगा रहा था। उसने कार्यवाही न होने पर आत्महत्या की बात कहते हुए जहर खा लिया। पीड़ित किसान तितावी थाना क्षेत्र के गांव नूनाखेड़ा का निवासी है। उसके गांव में चकबंदी चल रही है। उसका आरोप है कि बिना पैमाईश के अन्य लोगों ने उसके खेत पर फसल बोने की तैयारी कर दी। शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। अपनी समस्याओं को लेकर तमाम अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद तितावी क्षेत्र के गांव नूनाखेड़ा निवासी किसान इंद्रपाल पुत्र सुरेश शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित डीएम कार्यालय पर पहुंचा और जहरीला पदार्थ खा लिया। किसान के जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश से वहां मौजूद कर्मचारी और पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। बिना किसी देरी के सिविल लाइन पुलिस ने उसे तुरंत जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया।

## नगरपालिका कन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या को चेयरमैन ने किया निलंबित

मुजफ्फरनगर, १३ अगस्त (बु.)। नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल मीनाक्षी वर्मा के खिलाफ बीते माह संपन्न हुई बोर्ड बैठक के दौरान सभासदों द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर पालिका चेयरमैन एवं नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंधक अंजू अग्रवाल ने कड़ा निर्णय लेते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही उनके खिलाफ लगाए आरोपों को लेकर जांच किए जाने के भी निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद के अधीन संचालित नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल मीनाक्षी वर्मा मामले में कई बार आरोप लगे। प्रिंसिपल मीनाक्षी वर्मा के आचरण को लेकर पालिका सभासदों में नाराजगी है। ६ जुलाई को संपन्न हुई पालिका बोर्ड की विशेष बैठक में सभासद नदीम खान, परवीन पीटर व रिहाना कुरैशी पत्नी नौशाद कुरैशी ने लिखित प्रस्ताव में शिकायत की थी कि २६ जनवरी राष्ट्रीय पर्व पर प्रिंसिपल मीनाक्षी वर्मा ने चेयरमैन अंजू अग्रवाल, सभासदों व अन्य व्यक्तियों के साथ अभद्रता की। बोर्ड प्रस्ताव में मीनाक्षी वर्मा को निलंबित करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव को बोर्ड बैठक में प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक के रुप में भेजे गए डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार के समक्ष पारित किया गया था। शुक्रवार देर शाम इस मामले में नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंधक चेयरमैन अंजू अग्रवाल द्वारा बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव के आधार पर कार्यवाही करते हुए नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल मीनाक्षी वर्मा को निलंबित कर दिया है। वहीं कॉलेज की वरिष्ठ प्रवक्ता सुमित्रा सिंह को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया है। नगर पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने मीनाक्षी वर्मा को भेजे निलंबन आदेश में स्पष्ट कहा है कि वित्तीय अनियमितताओं तथा स्टाफ एवं जनप्रतिनिधियों से अभद्रता करने के मामले में मीनाक्षी वर्मा के खिलाफ २१ बिंदुओं पर ४ सदस्यों की समिति द्वारा जांच की जा रही है। पद पर रहते हुए इस जांच को प्रभावित करने की संभावना को देखते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मीनाक्षी वर्मा को ६ जुलाई को संपन्न हुई बोर्ड बैठक में अपना पक्ष रखने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसके साथ ही उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर नगर पालिका परिषद के जलकल विभाग के अभियंता सुनील कुमार को जांच सौंपी गई है।

## डिलिवरी के दौरान हुई शिशु की मौत पर परिजनों का हंगामा

खतौली, १३ अगस्त (बु.)। आवास विकास कॉलोनी स्थित एक अस्पताल में महिला की डिलिवरी के दौरान नवजात शिशु की संदिग्ध मौत को लेकर आक्रोषित परिजनों ने हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार आवास विकास कॉलोनी स्थित एक अस्पताल में एक महिला को उसके परिजनों द्वारा डिलिवरी हेतु भर्ती कराया गया था। महिला के परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक की लापरवाही से डिलिवरी के दौरान नवजात शिशु की मौत हुई है। नवजात शिशु की मौत को लेकर महिला के परिजनों द्वारा चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने को लेकर जमकर हंगामा किया गया। चिकित्सालय पर लोगों के हंगामे की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा हंगामा कर रहे परिजनों को शांत करने का प्रयास किया गया, परन्तु परिजन कार्यवाही की मांग पर अडिग रहे, जबकि दूसरी ओर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा परिजनों के आरोपों को बेबुनियाद व निराधार बताया गया। पुलिस के घण्टों के प्रयास के पश्चात मामले का पटाक्षेप हो गया।

## विवाहिता की हत्या का प्रयास

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कुंगरपट्टी निवासी शमा परवीन ने बताया कि उसका निकाह 6 वर्ष पूर्व आलम के साथ हुआ था। आरोप है कि आलम व उसके परिजन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं। आज दोपहर उसके पति आलम ने अपने पिता मेहराज, बहनोई शहजाद, व अद्दू और मां साजिदा के साथ उसे बुरी तरह मारा-पीटा। आरोपियों ने उसे धारदार हथियारों से मारकर उसकी हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को बचाया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।









## नागरिकों का भी कर्तव्य कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति को देखकर उसकी सूचना दें

मुजफ्फरनगर, १३ अगस्त (बु.)। पुलिस प्रशासन के साथ–साथ हम आम नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि देश अथवा जनपद को सिर्फ पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी पर ही न छोड़ें बल्कि उनका इस कार्य में सहयोग करें, क्योंकि देश हमारा है और हम सबका यही कर्तव्य है कि आतंकवादियों द्वारा दी गयी चुनौती को स्वीकार करते हुए उसे नाकाम करने में हम लोग भी पुलिस प्रशासन का कंधे से कंधा मिलाकर चलें। अगले दो दिनों में पूरी तरह से सड़कों, रोडवेज बसों, रेलवे आदि में सीटों के नीचे देख भालकर ही बैठें। क्योंकि आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए ऐसे ही स्थानों का चयन करते हैं जो भीड़भाड़ वाले तो हों ही, साथ ही साथ कोई विस्फोटक सामान छुपाकर रखने का उन्हें मिल जाए। ऐसे में अगले दो दिन तक आम नागरिकों की निगाह भी पैनी ही रहनी चाहिए। सिर्फ त्यौहारों में मस्त मगन रहने से कुछ नहीं होता, जो फर्ज पुलिस प्रशासन अदा कर रहा है, वह हमें भी अवश्य ही पूरा करना चाहिए।

## सीताशरण इण्टर कॉलेज की प्रबन्ध समिति का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

खतौली, १३ अगस्त (बु.)। सीताशरण इण्टर कॉलेज की प्रबन्ध समिति का चुनाव निर्विरोध सर्व सम्मति के साथ सम्पन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव अधिकारी विशाल दीक्षित एड. व ललित मोहन गुप्ता की देखरेख में सीताशरण इण्टर कॉलेज प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति का निर्विरोध चुनाव निम्न प्रकार सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष अखिल गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील बंसल, प्रबन्धक हरशरण गुप्ता, उपप्रबन्धक पंकज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल सहित अनुज शर्मा एड., प्रशांत अग्रवाल, गणेश शंकर पालीवाल, पवन अग्रवाल, महेश गुप्ता, राजीव अग्रवाल, कमल लोचन व मुकेश जैन सदस्य चुने गये।

## तीन और बाइकें सीज, १.१३ लाख रुपये जुर्माना

शामली, १३ अगस्त (बु.)। शुक्रवार को एआरटीओ मुंशीलाल ने परिवहन आयुक्त के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने शहर के एसटी तिराहा पर बुलेट बाइकों की जांच की, जिसमें नियम १२० मानकों के अनुरूप लगाए गए साईलेंसर को निकालकर तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाने वाले बाइक चालकों के चालान काटे। उन्होने तीन बाइकों को सीज करते हुए एक लाख १३ हजार रूपये का प्रशमन शुल्क वसूला। एआरटीओ की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## मुठभेड़ में शातिर भिखारी और सिपाही घायल

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। मंसूरपुर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में शातिर पुलिस की गोली से लंगड़ा हो गया। मुठभेड़ में एक कांस्टेबल भी घायल हुआ है। घायल कांस्टेबल व शातिर को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंसूरपुर पुलिस शुक्रवार शाम पुरा मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर आ रहे संदिग्धों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया, बदमाश की गोली से कांस्टेबल सोनू भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश घांसीपुरा निवासी गुलाब उर्फभिखारी है। उसके विरुद्ध लूट, डकैती आदि के 30 मुकदमें दर्ज हैं। उसके पास से एक बाइक और तमंचा–कारतूस बरामद किए गए हैं।

## संग्रह अमीन से मारपीट, जान से मारने की धमकी

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। राजस्व वसूली के लिये गए संग्रह अमीन के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा पैदा करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सदर तहसील के संग्रह अमीन मनोज शर्मा बृहस्पतिवार को राजस्व वसूली के लिए शहर से सटे गांव न्याजूपुरा में गए थे। आरोप है कि वहां स्कूल वाली गली निवासी तहसीन ने मनोज शर्मा के साथ गाली–गलौच कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने राजस्व कार्य में बाधा डालते हुए संग्रह अमीन के साथ मारपीट की और सरकारी कागजात भी छीनकर फाड़ने का प्रयास करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे और संग्रह अमीन को आरोपी से बचाया। संग्रह अमीन ने घटना की तहरीर शहर कोतवाली को दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी तहसीन के खिलाफमुकदमा पंजीकृत करते हुए शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह, पुलिस प्रशासन ने चलाया जोरदार चैकिंग अभियान



मुजफ्फरनगर, १३ अगस्त (बु.)। कोरोना काल के बाद प्रत्येक त्यौहार जोर–शोर से मनाने की तैयारी चल रही है। इसी क्रम में १५ अगस्त का पर्व भी देशवासी उमंग के साथ मनाने की तैयारी करते दिख रहे हैं। कोई तिरंगा झंडा अपने संस्थान, कोई अपने घर पर लहराने की तैयारी में लगा हुआ है। स्कूली छात्र– छात्राएं अपने मस्तक, गालों पर तिरंगे की पेंटिंग कराने की तैयारी में लगे दिख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसी अनहोनी अथवा आतंकी हमले की आशंका के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जबरदस्त चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खुले बाजारों, होटलों, रेलवे स्टेशनों व शहर के बस स्टेशन एवं चौराहों पर पुलिस प्रशासन की टीम डॉग स्क्वायड लेकर इसी तलाश में जुटी है कि कहीं कोई अप्रिय और विस्फोटक पदार्थ तो नहीं रखा हुआ है। एक्सपर्ट श्वान लगातार बाजारों में यहीं सूंघते दिख रहे हैं कि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु अथवा संदिग्ध व्यक्ति सक्रिय तो नहीं है। एलआईयू टीम व स्थानीय पुलिस, जीआरपी संयुक्त रूप से यह अभियान चलाए हुए है। होटलों में भी जोरदार चैकिंग करते हुए प्रत्येक व्यक्ति से इस बात की पूछताछ की जा रही है कि कहीं कोई व्यक्ति बिना आईडी अथवा गैर प्रदेश का तो नहीं ठहरा हुआ है। ज्ञात रहे कि गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस जैसे पर्वों पर यूं तो पुलिस पूर्व में भी चैकिंग करती आई है मगर आतंकवादियों द्वारा प्रत्येक त्यौहार पर यही धमकी दी जाने लगी है कि वे किसी न किसी घटना को अवश्य अंजाम देंगे। इसी के चलते प्रत्येक त्यौहार पर पुलिस को इसी मुस्तैदी के साथ चैकिंग करनी पड़ती है।

# ट्रक ने रोंदी बाइक, माँ की मौत, बेटा गंभीर

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। बाईपास पर ट्रक द्वारा बाइक में टक्कर मार देने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा अन्य हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव वहलना निवासी 40 वर्षीया सोहनबीरी पत्नी संसार सिंह शुक्रवार दोपहर अपने पुत्र जॉनी के साथ बाइक पर दवा लेने के लिए मीरापुर जा रही थी। जैसे ही मां–बेटा बाइक पर वहलना–पीनना बाईपास पर काली नदी पुल के पास पहुंचे, पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सोहनबीरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बेटा जॉनी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मीरापुर चौकी पुलिस ने घायल युवक को ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। उधर, हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मामले में सोहनबीरी के देवर अजीत ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अलावा पिन्ना निवासी मिन्दर पुत्र रामा व गुरनाम पुत्र रोहताश भी सड़क हादसे में घायल हो गए, उन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## ट्रैक्टर ट्रॉली व कार की भिड़न्त में कार क्षतिग्रस्त, तीन गंभीर रूप से घायल

मोरना, १३ अगस्त (बु.)। चौरावाला गाँव में मोरना –जानसठ मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली व कार की भिड़न्त में कार सवार तीन व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को जिला मुख्यालय पर अस्पताल में ले जाया गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव चौरावाला निवासी फिरोज, खालिद, महताब सेंट्रो कार में सवार होकर जानसठ की ओर जा रहे थे। जैसे वह गाँव से बाहर पहुँचे, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली से कार की भिड़न्त हो गयी। भिड़न्त में सेंट्रो कार सड़क किनारे पलट गयी, जिसमें कार चालक २५ वर्षीय महताब व २८ वर्षीय खालिद तथा २३ वर्षीय फिरोज घायल हो गये। घायल महताब व खालिद को गम्भीर हालत में मुजफ्फरनगर अस्पताल में भेजा गया, जबकि आंशिक रूप से घायल फिरोज का गाँव में ही इलाज कराया गया। सूचना पर पहुँची ककरौली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया।

# बुढ़ाना पुलिस व मेरठ एसटीएफ ने पकड़ा एक लाख का ईनामी बदमाश, ४० मुकदमें हैं दर्ज

बुढ़ाना, १३ अगस्त (बु.)। बुढ़ाना पुलिस ने आज शुक्रवार की अल सुबह स्पेशल टास्क फोर्स की मेरठ यूनिट की मदद से एक ऐसे बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा है, जिस पर पहले से ही एक लाख रुपए का इनाम घोषित है और उस पर मेरठ जोन के दस थानों में विभिन्न संगीन धाराओं में पहले से ही लगभग ४० आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश इतना शातिर बताया जा रहा है कि जब पुलिस की टीमों ने उसको रुकने के लिए बोला, तो उसने उल्टे ही पुलिस पर सीधे गोली चला दी, जिसमें एक पुलिसकर्मी बाल–बाल बच गया, तब पुलिस को मजबूरी में गोली मारकर बदमाश को घायल करने के बाद गिरफ्तार करना पड़ा। पुलिस ने बदमाश के पास से अवैध अस्लाह व बिना नंबर की एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने घायल बदमाश को जान बचाने के उद्देश्य से अस्पताल में भर्ती कराया है, ताकि उससे पूछताछ कर उसके अन्य साथियों तक पहुंचा जा सके। इस गुडवर्क की पुलिस के उच्च अधिकारियों की तरफ से तारीफ हो रही है, क्योंकि पुलिस का मकसद मेरठ जोन को अपराध ा मुक्त करना है। बदमाश के ऊपर २३ मुकदमे अकेले सरधना थाने में दर्ज हैं, जबकि १४ मुकदमें लिसाड़ी गेट, पुरकाजी, कोतवाली, शाहपुर, सदर बाजार, बुढ़ाना, अमीनगर सराय, लालकुर्ती और पल्लवपुरम थानों में दर्ज हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार की अल सुबह बुढ़ाना सीओ विनय गौतम को वायरलेस पर सूचना मिली कि मेरठ एसटीएफ की टीम एक लाख रुपए के ईनामी बदमाश का पीछा कर रही है और वह बदमाश बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की और आ रहा है, तो सीओ विनय गौतम ने इसकी सूचना बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार को दी और वे खुद भी बदमाश की तलाश में निकल पड़े। मौके पर पहुंचे कोतवाल संजीव कुमार दलाल व बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने अपनी टीम के साथ उक्त बदमाश को कुछ देर बाद बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र में बड़ौत रोड पर स्थित रजवाहे के पास घेर लिया, तब बाइक पर सवार बदमाश ने बाइक को रोककर मोर्चा संभालते हुए पुलिस टीम पर गोली चला दी, जिसमें बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी राहुल कुमार बाल बाल बच गए, तब पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाश को जिंदा पकड़ने के उद्देश्य से बदमाश की टांग में गोली मारकर पकड़ लिया। बदमाश का पीछा करते हुए मौके पर मेरठ एसटीएफ की टीम भी आ गई थी। पुलिस ने घायल बदमाश के पास से बिना नंबर की एक काले रंग की स्पलेंडर बाइक, एक अवैध पिस्टल और ०५ कारतूस बरामद कर मौके से दो खोके भी बरामद किए। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम आशु उर्फ लम्बू उर्फ खालिद पुत्र आस मौहम्मद निवासी मौहल्ला पीरजादगान कस्बा सरधना जनपद मेरठ बताया। बुढ़ाना पुलिस ने फिलहाल घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार उक्त बदमाश पर एक लाख रुपए का इनाम है। बदमाश पर ४० मुकदमे पहले से ही दस थानों में दर्ज हैं। यह बदमाश मेरठ जोन की तीन जिलों की पुलिस के लिए काफी सरदर्द बना हुआ था। फिलहाल ये बदमाश डकैती के एक केस में वांछित चल रहा था। एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने बुढ़ाना कोतवाल संजीव कुमार को बधाई दी है।

## मुठभेड़ के बाद अलमासपुर से अपहृत बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद किया

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव अलमासपुर से पांच दिन पूर्व सात साल के बच्चे वंश का अपहरण कर लिया गया था। तीन दिन बाद सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, जिसमें बच्चे को बाइक सवार दो युवक बीच में बैठाकर ले जाते कैद हुए थे। शुरूआत में पति–पत्नी के बीच विवाद में बच्चे के लापता होने की आशंका जता रही पुलिस यह फुटेज मिलने के बाद हरकत में आई और मामले को अपहरण मानते हुए जांच शुरू की, तो पता चला कि बच्चे के पिता मोनू से दस लाख रुपये की फिरौती भी मांगी गई है। इसके चलते तभी से पुलिस अपहरणकर्ताओं की तलाश में जुटी थी। देर रात गांव बागोवाली स्थित ईंट–भट्ठे पर अपहरणकर्ताओं के साथ ही अपहृत बच्चे के भी मौजूद होने की जानकारी मिलने पर नई मंडी इंस्पेक्टर अनिल कपरवान, इंस्पेक्टर क्राइम सुशील सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम देर रात बागोवाली ईंट–भट्ठे पर पहुंची, तो पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिससे टीम में शामिल हेड कांस्टेबल हरवेंदर और सर्विलांस प्रभारी सोनू गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मौके पर मौजूद तीनों बदमाश गोलियां लगने से घायल हो गए, जिसके बाद एक कमरे में बंधक बनाए गए अपहृत बच्चे वंश को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि घायल बदमाशों में गांव कुटबा–कुटबी निवासी सुनील व दीपक और अलमासपुर निवासी मोहित शामिल हैं। तीनों बदमाशों के साथ ही घायल पुलिसकर्मियों को भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

कांधला, १३ अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के कस्बा एल में ३५ वर्षीय व्यक्ति का सड़ा गला शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पंहुचकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। शुक्रवार की सुबह को कस्बा एलम के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि कस्बा एलम के बाइपास रोड के निकट एक ३५ वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव पड़ा है। शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक व्यक्ति के शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक व्यक्ति की कोई पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने बताया कि मृतक व्यक्ति के फोटो जनपद के सभी थानों सहित आसपास के जनपदों के थानों में भेजकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीएम ने सफाई व्यवस्था को लेकर ईओ को लगाई फटकार

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। नगर में वास्तविकता का सच जानने दौरे पर आए प्रदेश के नगर विकास मंत्री की सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी का असर शुक्रवार को उस वक्त स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जब नगर में पिछड़ी सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए डीएम ने ईओ पालिका को तलब करते हुए जमकर फटकार लगाई। डीएम ने नगरपालिका चेयरमैन के साथ वार्ता करते हुए विशेष सफाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। डीएम चन्द्रभूषण सिंह ने जनपद के दौरे पर आए प्रदेश के नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी के बाद पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल व ईओ हेमराज सिंह से बीते दिवस अपने कैंप कार्यालय में वार्ता की और स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में जनपद को अच्छे अंक प्राप्त होने चाहिए। उन्होंने कहा कि पालिका के पास सफाई के तमाम इंतजाम होने के बाद भी शहर स्वच्छता के लिए अभी भी तरस रहा है। पालिका के गैराज में लाखों रुपए की लागत के सफाई वाहन खड़े खड़े गल रहे हैं, लेकिन उन्हें सही करा कर काम नहीं लिया जा रहा है। वैसे तो कागजों में उक्त वाहन कई बार सहीं हो चुके हैं, लेकिन धरातल पर आज तक इन वाहनों से कोई काम नहीं लिया गया है। पिछले दिनों पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने भी इस बात पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी। इस प्रकरण को लेकर डीएम ने नगर पालिका ईओ हेमराज सिंह को अपने कैम्प कार्यालय पर तलब किया, वहीं चेयरमैन अंजू अग्रवाल को भी वार्ता के लिए बुला लिया। इस बीच डीएम ने नगरीय क्षेत्र की खराब सफाई व्यवस्था पर ईओ को फटकार लगाते हुए पालिका क्षेत्र में विशेष सफाई व्यवस्था किए जाने के लिए निर्देश दिए। बीते दिवस डीएम के समक्ष हुई वार्ता के दौरान पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने ईओ हेमराज सिंह के खिलाफ शिकायते करते हुए कार्यो को लंबित किए जाने की बात करते हुए ईओ की सच्चाई को उजागर किया। चेयरमैन ने डीएम को बताया कि नगर और कर्मचारियों के हितों को लेकर पत्रावलियों के उचित व समयबद्ध निस्तारण में ईओ की भूमिका नकारात्मक रहती है। वहीं ईओ द्वारा पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से लटकाया जाता है और विवाद उत्पन्न किये जाते हैं। इस पर डीएम ने ईओ से जवाब तलब किया। उधर ईओ कूडा कलेक्शन को लेकर भी डीएम को कोई सहीं जवाब नहीं दे पाए हैं, जिस पर डीएम ने ईओ को फटकार लगाते हुए जल्द ही स्थिति में सुधार लाने की नसीहत दी।

## प्रेमी युगल को मिली धमकी, पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

भोपा, १३ अगस्त (बु.)। भेड़ाहेड़ी गांव निवासी प्रेमी युगल को मिल रही धमकी के चलते प्रेमी युगल सुरक्षा की गुहार लेकर थाने पहुंचा। डेढ़ दर्जन लोगों के विरुद्ध पुलिस को प्रार्थना–पत्र देकर उनके विरुद्ध कार्यवाही व खुद की सुरक्षा की गुहार लगाई है। शुक्रवार को थाने पहुंचे प्रेमी नव दंम्पति निगम पत्नी नितिन निवासी भेड़ाहेड़ी ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। निगम ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी मर्जी से गांव के ही युवक नितिन से सात जुलाई को प्रेम विवाह कर लिया था, तभी से वह अपने पति के साथ रह रही है। निगम का आरोप है कि उसके परिवार वह उन्हीं से जुड़े लगभग डेढ़ दर्जन लोग उनसे रंजिश रखते हैं और शादी से नाराज हैं। इस संबंध में पीड़िता द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में भी सुरक्षा हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है। शुक्रवार को भी कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। पुलिस ने प्रार्थना–पत्र लेकर मामले को जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## एडीएम प्रशासन बने पालिका के नोडल अधिकारी, चेयरमैन–ईओ एवं लिपिकों संग जाना पालिका का सच

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त ( बु. )। नगरपालिका की साफ–सफाई को लेकर नगरीय विकास मंत्री की नाराजगी के बीच डीएम चन्द्रभूषण सिंह ने सख्ती दिखाते हुए अब एडीएम प्रशासन को पालिका का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डीएम के जारी आदेशों के बीच शुक्रवार सुबह पालिका में शुरू सफाई व्यवस्था का सच जानने के साथ व्यवस्था में सुधार के अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

डीएम के निर्देशों के बीच एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने शुक्रवार को टाउनहाल पहुंचकर चेयरमैन कक्ष में नगरपालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए सफाई व्यवस्था से जुड़े प्रमुख बिन्दुओं पर विचार मंथन किया। बैठक में चेयरमैन अंजू अग्रवाल व ईओ हेमराज सिंह भी मौजूद रहे। नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने इस दौरान नगर पालिका में पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। बताया गया कि पालिका में अभी कोई नई लाइट नहीं है। वहीं खराब होने वाली लाइटों की मरम्मत का काम जारी है। उन्होंने इस बीच पथ प्रकाश प्रभारी जलकल के एई शरद गुप्ता को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह वार्डो का सर्वे करा कर सूची बना लें कि पालिका क्षेत्र में कितनी नई लाइट की जरुरत है, उसके अनुसार डिमांड बनाकर खरीदारी की जायेगी। इसके साथ रूट बनाकर कूड़ा डलावघरों से रोज कूड़ा निस्तारण कराने, कूड़ा कलेक्शन के लिए काम करने पर भी जोर दिया। बैठक में ईओ की कार्य प्रणाली और कार्यो को अनावश्यक रूप से अडंगा लगाने का मामला उठा। एडीएम प्रशासन ने अमित सिंह ने इस बीच प्राथमिकता पर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग से चीफ राजीव कुमार, जेई निर्माण कपिल कुमार, टीएस आरडी पोरवाल, कर निर्धारण अधिकारी अरूण कुमार, स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी, लिपिक अशोक ढींगरा, मनोज पाल, मनोज कुमार, गोपीचंद वर्मा, मैनपाल सिंह, संदीप यादव, विकास कुमार, राजस्व निरीक्षक विजय कुमार, अमित गोस्वामी, अमरजीत आदि मौजूद रहे।

## पंजाबी समाज के सुखदर्शन सिंह बेदी व राजकुमार छाबड़ा उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य नामित



मुजफ्फरनगर, १३ अगस्त (बु.)। चुनावी रणनीति के तहत अब अपने पांच वर्ष के अंतिम दौर के चलते भाजपा नई–नई रणनीति अपना रही है, जिसके चलते सत्ताधारी भाजपा द्वारा शुक्रवार को पूरे प्रदेश में ६ पंजाबी समाज के लोगों के नामों की घोषणा की गई, जिन्हें उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के उपाध्यक्ष व सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस क्रम में मुजफ्फरनगर जनपद के दो बड़े पंजाबियों सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी व खतौली के राजकुमार छाबड़ा को सदस्य बनाकर नामित किया गया। उक्त घोषणा से पंजाबी समाज में खुशी की लहर दौड़ती दिखाई दी और गांधी कॉलोनी के रहने वाले सुखदर्शन सिंह बेदी के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। वहीं दूसरी ओर खतौली निवासी राजकुमार छाबड़ा के परिवार में भी खुशी की लहर दौड़ पड़ी। चुनावी समीकरण साधने के लिए प्रत्येक राजनीतिक दल तरह–तरह के प्रयास करते हैं। उसी के चलते अब पंजाबी समाज के दो वरिष्ठ लोगों को सम्मान देकर भाजपा ने भी चुनावी समीकरण साधने का प्रयास किया है। अब देखना यह होगा कि उक्त चुनावी समीकरण आने वाले चुनावों में किस रूप में निकलकर सामने आते हैं। उक्त समीकरणों से कमल फिर से एक बार खिलने की कितनी सम्भावनाएं बढ़ती दिखाई पड़ती है। ज्ञात रहे कि सरकार ने पंजाबी कार्ड खेलते हुए पहले भी सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी को अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया था। फिर एक बार सरकार ने पंजाबी मतों को को अपनी ओर खींचते हुए पंजाबी कार्ड खेलने का भरपूर प्रयास किया है।


**आवश्यकता है**

ग्रेन चैम्बर अस्पताल, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को बच्चों की नर्सरी के लिए दो प्रशिक्षित कम्पाउण्डर व एक नर्स की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी तुरन्त सम्पर्क करें।

मंत्री : 9927003400


## गांव भसाना की महिला प्रधान के पति को ब्लॉक अधिकारी और कर्मचारियों ने पीटा

बुढ़ाना, १३ अगस्त (बु.)। गांव भसाना की महिला प्रधान के पति को मामूली बात पर ब्लॉक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ब्लॉक में स्थित एक कमरे में बंदकर मारपीट की और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। इसको लेकर आज ब्लॉक प्रमुख के पुत्र ने रालोद के वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर बुढ़ाना कोतवाली का घेराव किया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार दलित जगबीर सिंह पुत्र सुंदरा निवासी ग्राम भसाना ने बुढ़ाना ब्लॉक प्रमुख के पुत्र विनोद मलिक के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार को बताया कि उसकी पत्नी बाला देवी गांव भसाना की प्रधान है। आज शुक्रवार के दिन लगभग सायं ०३ बजे वह गांव के सचिव संजीव कुमार से बुढ़ाना ब्लॉक कार्यालय में मिला और कहा कि गांव के जो हैंडपंप रिबोर किये गये हैं, उनका भुगतान कब होगा, जिस पर गांव सचिव संजीव कुमार व उनके साथी मोहित कुमार और मनरेगा कर्मचारी सचिन जैन ने उसके साथ गाली–गलौज की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए कहा कि अपनी पत्नी को भेज उसको बतायेंगे कि भुगतान कब होगा, तब तीनों ने उसको वहीं पर एक कमरे में ले जाकर कमरा बंद करके मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, तब वहां पर किसी काम से आये गांव बिटावदा के पूर्व प्रधान सत्यपाल सहरावत और गांव मौहम्मदपुर रायसिंह निवासी जितेंद्र मलिक ने शोर शराबा सुनकर तीनों के चंगुल से उसे छुड़ाया। इस बात को सुनकर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने पीड़ित को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने पुलिस को चेतावनी दी कि अगर तीनों आरोपियों के खिलाफ कुछ कार्यवाही नहीं होती है, तो वे बुढ़ाना कोतवाली का घेराव करेंगे।

## राहुल का शतक, रोहित चूके

लंदन , 12 अगस्त ( वार्ता ) सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ( नाबाद 127 ) के शानदार शतक और उनकी रोहित शर्मा ( 83 ) तथा कप्तान विराट कोहली ( 42 ) के साथ दो शतकीय साझेदारियों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन गुरूवार को पहली पारी में 90 ओवर में तीन विकेट पर 276 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। राहुल ने तेज गेंदबाज मार्क वुड की गेंद पर बेहतरीन स्क्वेयर ड्राइव से चौका मारकर लॉर्ड्स में पहला और अपना कुल छठा शतक बनाया। राहुल लॉर्ड्स में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। दो अन्य बल्लेबाज वीनू मांकड और मौजूदा भारतीय कोच रवि शास्त्री हैं। एशिया के बाहर किसी भारतीय ओपनर का यह चौथा शतक है और इस मामले में उन्होंने पूर्व ओपनर वीरेंदर सहवाग की बराबरी कर ली है। राहुल का इंग्लैंड में यह लगातार तीन टेस्टों में तीसरा फिफ्टी प्लस का स्कोर है।





